# २० : चिट्ठी

## प्रश्नावली

प्रश्न 1: कविता की पंक्तियाँ पूरी करो-

1. चिट्ठी में है मन का प्यार
2. मेहनत से तुम पढ़ना बेटी
3. छोटा-सा कागज़ बिन पैर

प्रश्न 2: सामान अर्थवाले शब्दों को रेखा खिंचकर मिलाओ

| | |
|---|---|
| मेहनत | भ्रमण |
| सैर | भेंट |
| होशियार | परिश्रम |
| सौगात | चतुर |
| पत्र | चिट्ठी |

प्रश्न 3: निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्य में प्रयोग करो

1. सैर
2. संदेश
3. उपहार

प्रश्न 4: कविता के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो

1. चिट्ठी को घर का अख़बार क्यों कहा गया है?
2. चिट्ठी बिना पैर, दुनिया की सैर कैसे कर लेती है?
3. मम्मी ने चिट्ठी में क्या लिखा है?

# उत्तर

उत्तर 1:

1. चिट्ठी में है मन का प्यार – चिठ्ठी है मन का अख़बार
2. मेहनत से तुम पढ़ना बेटी- पढ़ लिखकर होंगी हुशियार |
3. छोटा-सा कागज़ बिन पैर – करता दुनिया भर की सेर|

उत्तर 2: मेहनत = परिश्रम

सैर = भ्रमण

होशियार = चतुर

सौगात = भेंट

पत्र = चिठ्ठी

उत्तर 3:

1. सैर = मैं और मेरा दोस्त रोज़ाना पार्क में सैर करने जाते है|
2. संदेश = आज कल रिश्तेदारों को संदेश भेजना बहुत आसान हो गया है|
3. उपहार= मेरे जन्मदिन पर मेरे घर वालों ने मुझे घड़ी उपहार में दी|

उत्तर 4:

1. चिठ्ठी को घर का अख़बार इस लिए कहा गया है क्योंकि जब कभी चिठ्ठी आती है तो घर के सारे लोग उसे साथ मिलकर पढ़ते है|

2. हमारे कई रिश्तेदार दुनिया के अलग-अलग हिस्सों मे रहते है, इस वज़ह से जब हम उन्हें चिठ्ठी भेजते है तब चिठ्ठी बिना पैर दुनिया की सैर कर लेती है|

3. मम्मी ने चिठ्ठी में अपनी बेटी को सम्बोधित करते हुए लिखा है की, "बेटी तुम पढ़ लिख कर होशियार बनना"|